# केरेडारी में बालू के दाम बढ़ने से मजदूर पलायन को मजबूर

## पांच हजार रुपये हुआ प्रति ट्रैक्टर बालू

- स्थानीय विधायक की खामोशी से लोग परेशान
- सरकार के उदासीन रवैया से बालू घाटों की नीलामी अभी तक नहीं हुई : रोशन चौधरी

समशाद अंसारी

**केरेडारी।** सरकार के उदासीन रवैये के कारण बालू घाटों की नीलामी नहीं हो सकी है। ऐसे में राज्य में अवैध तरीके से बालू की ढूलाई जारी है। लेकिन आम लोग एक ट्रैक्टर बालू के लिए भी तरस रहे हैं। बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से अवैध तस्करों की चांदी है। एक ट्रैक्टर बालू तीन से पांच हजार का बिक्री कर रहे हैं। बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के पीछे कई कारण बताया जाता है। सरकार कभी एनजीटी के रोक का हवाला देती है, तो कभी कुछ लेकिन सच्चाई यह है की यहां के लोग इस बीच पीस रहे हैं। बालू की किल्लत के वजह से छोटे छोटे निर्माण कार्य पूरी तरह से बंद है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक भी परेशान है। इन सब का असर राज्य के मजदूरों पर भी पड़ा है, जीविका के अभाव में वे अब पलायन को मजबूर है। बालू की किल्लत पर पक्ष विपक्ष आमने-सामने है। बालू का अवैध खेल भी जोर-शोर से जारी है। सूत्र बताते हैं कि थाना के सिपाही से लेकर जिले के बड़े अधिकारी तक इस खेल में शामिल है। अगर ऐसा नहीं है तो फिर सैकड़ो ट्रैक्टर अवैध बालू लिए सड़कों पर कैसे दौड़ रहे हैं ।



डंप किया गया बालू ।

बालू की किल्लत पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार तथा स्थानीय विधायक के उदासीन रवैया के कारण बालू घाटों का नीलामी अभी तक नहीं हो पाया है जिससे अवैध तरीके से बालू के धंधा करने वाले ठेकेदारों की तूती बोल रही है ।जहां एक ओर स्थानीय विधायक बालू घाट की नीलामी पर चुप्पी साधे बैठी है और आम जनमानस की समस्याओं को लेकर एक शब्द नहीं बोल रही है ।साथ ही गरीब गुरबा किसान मजदूर अपना घर बनाने तक के लिए तरस रहे हैं। वहीं विधायक अपना रौब दिखाकर के अनेकों बड़े-बड़े बहुमंजिला भवन का निर्माण अवैध तरीके के बालू से कर रही है। जिस गरीब किसान मजदूर भाई बहनों ने अपना हितेषी समझ के वोट किया आज उन्हें ही अपने घर बनाने तक को बालू के लिए भटकना पड़ रहा है। अगर कोई गरीब जनता किसी भी प्रकार का कहीं से एक ट्रैक्टर बालू भी लेकर जाता है तो पुलिस प्रशासन उस पर टूट पड़ती है और अनेकों मुकदमा ठोक दिए जाते हैं। वही अवैध तरीके से रातों-रात अनेकों हाईवा से बालू की ढूलाई चल रही है इस पर पुलिस प्रशासन के डंडा नहीं चलता है बल्कि उसी डंडे में और तेल लगाकर दिशा दे दिया जाता है। आखिरकार यह सभी किसके दिशा निर्देश पर किया जा रहा है। जनता त्रस्त है, परेशान है ।इसका जवाब अगले विधानसभा चुनाव में जरूर देगी।



# झामुमो व झाकोमयू ने धूमधाम से मनाया हेमंत सोरेन का जन्मदिन

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सभी को मिल रहा लाभ : संजीव बेदिया

खबर मन्त्र संवादाता

**भुरकुंडा/उरीमारी (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी एवं झाकोमयू के तत्वावधान में भुरकुंडा और उरीमारी पार्टी कार्यालय में गुरूवार को राज्य के मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का 48वां जन्मदिन पूरे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो के केंद्रीय सचिव और हजारीबाग जिला के संयोजक संजीव कुमार बेदिया द्वारा केक काटकर किया गया।

इसके बाद लोगों के बीच केक व मिठाई बांटकर हेमंत सोरेन के दीर्घायु होने की कामना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड प्रदेश में हमारे मुख्यमंत्री दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं जिसका लाभ सभी तबके के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झूठा आरोप लगाकर झारखंड सरकार को अस्थिर करना चाहती है। लेकिन जनता सब देख रही है इसका माकुल जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व हर हाथ को काम दिलाना ही झामुमो का मुख्य उद्देश्य है।

श्री बेदिया ने कार्यकर्ताओं से जन समस्याओं को सूचीबद्ध कर उसके निराकरण के लिए पहल करने की बात कही। भुरकुंडा में आयोजित सीएम हेमंत सोरेन के जयंती कार्यक्रम में संजय वर्मा, मुकेश राउत, उदय मालाकार, उदय अग्रवाल, बिरेंद्र यादव, शौकत अंसारी, इस्लाम अंसारी, टिंकु बेदिया, बिहारी बड़ाईक, चरकू गंझू, बासदेव उरांव, सत्यनारायण यादव, मुस्ताक खान, संजीत राम, तुला खान, भोला कुमार, शहनवाज खान, मुन्ना करमाली मौजूद थें। वहीं उरीमारी में सोनाराम मांझी, संजय वर्मा, रूसतम सोहराब, उदय मालाकार, सत्येंद्र यादच, राजेश सिंह, मोहन सोरेन, बहादुर मांझी, संजय श्रीवास्तव, रामचरण प्रसाद, महावीर प्रसाद, प्रमोद राय, बासदेव उरांव, शहनवाज खान, शंकर साव, उदय मेहता, आनंद कुमार मौजूद थे।



केक काटकर हेमंत सोरेन का जन्मदिन मनाते संजीव बेदिया व कार्यकर्ता ।

## कुजू में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**कुजू।** कुजू डायवर्सन के पास सड़क किनारे अवैध रूप से कोयला लोड किये जाने की सूचना पर कुजू एक 10 चक्का ट्रक का पीछा कर नयामोड़ से जब्त किया। जब्त ट्रक में करीब 105 बोरा अवैध पोड़ा कोयला लदा था। वहीं मौके से कुजू पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर रामगढ़ एसपी के निर्देश पर कुजू पुलिस कुजू डायवर्सन पहुंची। जहां पुलिस ने ट्रक संख्या डब्लूबी11ई-7423 को कोयला लोड करते देखा। पुलिस को देखते हुए चालक साहेब यादव पिता स्वरूप यादव नावादा निवासी ने ट्रक को रामगढ़ की ओर तेज गति से भगाने लगा। इसके बाद पुलिस नयामोड़ के पास घेराबंदी कर ट्रक को जब्त किया। साथ ही मौके से चालक को धर दबोचा. वहीं कोयला लोड ट्रक को कुजू ओपी परिसर लाया गया। वहीं पुलिस ने सड़क के किनारे झाड़ियों में छुपा कर रखे लगभग दो ट्रैक्टर बोरियों में भरकर रखे लगभग 150बोरी पोड़ा कोयला को भी जब्त किया।

## राजद जिलाध्यक्ष को पितृशोक



**कुजू।** राजद रामगढ़ जिलाध्यक्ष मो गुलजार के पिता सुजात अली(80 वर्ष) का निधन इलाज के दौरान हो गया। सुजात अली पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका इलाज रांची गांधी नगर अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन से राजद परिवार सहित कुजू कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर है। निधन की खबर सुनकर उनके स्थित आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए नेताओं व स्थानीय लोग पहुंचे। गुलजार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर नमाज के बाद कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा।

## दारू में मेरी माटी मेरा देश अभियान का आगाज

**दारू।** दारू प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में ₹मेरी माटी मेरा देश₹ के लिए एक ग्राम सभा का आयोजन किया। जिसमे सभी मुखिया ने अमृत महोत्सव के तहत ₹मेरी माटी मेरा देश₹ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य को बताते हुये जनकारी दिया कि उन वीरों की पूजा करना है, जिन्होंने हमारे कल के लिए अपने जीवन का आज का बलिदान कर दिया था एवं अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 15 अगस्त तक सभी लोग अपने-अपने घरों के छत पर तिरंगा झंडा लगाने सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा किए।प्रखंड के पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव, दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार, इरगा पंचायत की मुखिया अनिता देवी, हरली पंचायत के मुखिया फरजाना खातून, दिग्वार पंचायत के मुखिया महेंद्र मुर्मू, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, रामदेव खैरिका पंचायत की मुखिया झरना देवी, मेढकुरी पंचायत के मुखिया भोला तुरी व कबिलासी पंचायत के मुखिया रीना देवी के नेतृत्व में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व ग्रामीणों ने दिया जलाकर शपथ ली साथ ही मिट्टी इकट्ठा किया।



शपथ लेते लोग।

# बाऊजी की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित

## प्रतियोगिताओं में ए ला एंग्लाइज स्कूल के छात्रों ने जीते कई पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

भदानीनगर (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने 7 अगस्त को ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में 'बाउजी' ओम प्रकाश जिंदल के जयंती पर आयोजित वाद-विवाद, निबंध, चित्रांकन, समूह गान आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था। जिसमें ए ला एंग्लाइज के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अनेको प्रमाण-पत्र एवं पदक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। चित्रांकन में कक्षा नवम की छात्रा खुशी कुमारी व निबंध लेखन में लाडली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा नवम की शाहीन फातिमा ने द्वितीय और समूह गान में कक्षा छठी की छात्रा खुशी कुमारी एवं साथियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। सफलता विद्यार्थियों को ओपी जिंदल स्कूल द्वारा प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की सफलता पर गुरूवार को ए ला एंगलाइज के प्रातः कालीन सभा में सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि बाउजी ओपी जिंदल के के जयंती पर आयोजित प्रतियोगिताएं बच्चों में नये उर्जा का संचार भरती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता विकास होता है। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। बधाई देने वालो में प्राचार्य विजंयत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, शिक्षक जयकिशोर महतो, धर्मेश सोनी, सिद्धार्थ कुमार, अंजू पटेल, सीमा मुंडा, मोहन बेदिया, लिपिक पूजा हेंब्रम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।



## स्पीड न्यूज

### 14 को स्मृति दिवस मनायेगी भाजपा



**रामगढ़।** देश के विभाजन की 76वीं स्मृति दिवस को विभाजन विभीषिका के रूप में मानने हेतु भाजपा के जिला कार्यालय रामगढ़ में बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी सुदेश चंद्रवंशी एवं जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विभाजन के समय मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने,राष्ट्रीय झंडे के साथ मौन जुलूस निकालने सहित ऑडिटोरियम में विभाजन पर बनी डॉक्यूमेंट्री को प्रसारित कर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम जिला स्तर किया जाना तय हुआ है जिसमे आमजनों की भी सहभागिता रहेगी। महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने कहा कि हर देशवासियों के दर्द आत्मसम्मान से जोड़कर देखा जाना चाहिए क्योंकि मात्र एक व्यक्ति की महत्वकांक्षा और आत्मशांति हेतु देश के दो टुकड़े किए गए थें। बैठक में महामंत्री छोटन सिंह,उपाध्यक्ष आनंद बेदिया,अखिलेश सिंह,मंत्री वसुध तिवारी,दिलीप सिंह, सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रवीन सोनू,सोशल मीडिया संतोष शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

### जुबली कॉलेज में पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबली कॉलेज भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को मेरा माटी मेरा देश के तहत पौधारोपण हुआ। शिक्षक, छात्र छात्राएं व एनएसएस इकाई 1 व 2 के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में आम, अमरूद, लीची, पपीता, गेंदा फूल सहित 40 फलदार व छायादार पौधे लगाये। पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।। मौके पर प्रो.राजेश कुमार, प्रो.आर कुमार, डॉ.एकेएस झा, प्रो.टीके झा, प्रो.सुनील कुमार, डॉ.एसपी दांगी, डॉ.एसएस पांडेय, प्रो.एन पांडेय, देव प्रकाश प्रसाद, डॉ.बालमुकुंद सिंह, प्रो.रजनी कुमारी, प्रो.अनुप कुमार सहित जागृति, रजत, निशा, सुनैना, योगिता, नीलम, रितेश, खुशबू, प्राची, कोमल, हिना, टीपू, माइकल, राजन, कुमकुम, साहिल, मोहित, रोहित, पार्वती, सुजल, ताराशंकर, नीलम, अन्नू, वैष्णवी, सुनीता, अजीत, मुस्कान, अंजलि, सीमा आदि स्वयंसेवक मौजूद थे।

### बीडीओ के खिलाफ हो कार्रवाई : बिनु

**गोला।** बिनु कुमार महतो ने मुख्य सूचना आयुक्त, झारखंड राज्य सूचना आयोग को ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना अधिकारी गोला रामगढ़ ने आरटीआई के तहत मांगी गई समुचित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराया है। बिनु ने मुख्य सूचना आयुक्त से मामले में बीडीओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### दोतल्ला पंचायत में मना आदिवासी दिवस




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुखिया सत्यवंती देवी ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। सत्यवंती देवी ने कहा कि आदिवासी समाज एवं उनकी संसति देश की सबसे पुरानी एवं जल, जंगल व जमीन से जुड़ी परंपराओं का समाज है। जल, जंगल एवं जमीन के प्रति इनका सेवा तथा समर्पण सर्व व्याप्त है। यह हमारे धरोहर हैं। इनको किसी कीमत पर बचाना और आगे बढ़ाना हमसबों का कर्तव्य व दायित्व है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बिना जल, जंगल, जमीन व स्वच्छ प्रातिक की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता मिथिलेश टुडू, जल सहिया छुबि देवी, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, शकुंतला देवी, अनीता देवी, दयामुनी मुर्मू, प्रशांत कुमार, वीणा देवी, पाहन बरतु उरांव, मुनारा देवी, किरण सिंह, राधा देवी, शकुंतला देवी, रंथी कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

### सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल सौंदा पंचायत भवन के सभागार में गुरूवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया अभय कुमार ने किया। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजीत कुमार यादव, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव एवं सचिव नवीन कुमार को चुना गया। अभय कुमार ने सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के चुने गए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूरे कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस गठन से खेल, कला, संसति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। मुखिया श्री कुमार ने कहा कि उक्त क्लब पंचायत के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर मुखिया अभय कुमार, पंचायत सेवक अनीता, दर्जनो ग्रामीण एवं सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

### मुखिया ने शहीदों के लिए ली शपथ



**पदमा।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही मेरी माटी मेरे देश अभियान के तहत दीप जलाकर अमर शहीदों के लिए शपथ वाणी पढ़े। यह केंद्र आयोजित कार्यक्रम है जो दस अगस्त से से 15 अगस्त तक चलाई जा रही है जिसके तहत पदमा प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को रोमी पंचायत भवन में मुखिया गुड़िया मेहता पिंडारकौन पंचायत भवन में मुखिया सुनीता देवी बिहारी पंचायत भवन में मुखिया चंचला देवी पदमा पंचायत भवन में मुखिया अनिल मेहता बंदरबेला पंचायत भवन में मुखिया विजय मेहता कुटीपीसी पंचायत भवन में मुखिया सबिता देवी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर किया ।

## एक नजर में

### झामुमो ने मनाया हेमंत सोरेन का जन्मदिन



**बड़कागांव।** सोनी धर्मशाला में झामुमो कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48 वां जन्मदिन मनाया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड झामुमो संयोजक मंडली मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं संचालन किशोर राणा ने किया ।जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया ।संजय सिंह ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनहित में कई विशेष योजनाएं चला रहे हैं जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। जिसमें छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले योजना,गरीब महिलाओं के लिए विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,युवाओं के लिए कल्याण विभाग में कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है ।मौके पर झमन महतो,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, मुखिया इलियास अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी,दिनेश कुमार रवि,वासुदेव यादव,संजय भुईयां, नंदकिशोर भुईयां,बबलू अंसारी,रेशमी टुडु, अशोक गुप्ता, मुनेश रवि,पवन तुरी,मो. हुसैन समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चरही में भी मना सीएम का जन्मदिन



**चरही।** गुरुवार को चरही ओवर ब्रिज स्थित एनएच-33 के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुरचू प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 48 वां जन्मदिन मनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू,पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,उपाध्यक्ष लखीराम मांझी,युवा नेता मन्नू टुडू,आनंद मरांडी,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दीपनारायण महतो,पूर्व प्रखंड सचिव सहदेव किस्कू,बाढ़ो मांझी,सुखदेव महतो,प्रकाश करमाली,दिनेश्वर महतो सहित झामुमो के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टाटीझरिया में धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत अंतर्गत जन वितरण प्रणाली दूकानदार राधेश्याम प्रसाद कुशवाहा के दुकान मे विभाग के निर्देशानुसार सोना सोबरन योजना के तहत राशनकार्डधारियों के बीच साड़ी धोती लुंगी का वितरण झरपो मुखिया सह 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, वार्ड सदस्य रवि कुमार यादव के हाथो किया गया। लाभुकों में रुपलाल महतो , अनहच महतो , दशरथ भुइया , कैलाश ठाकुर , किरण देवी , सुरेश प्रसाद,महेन्द्र पाण्डेय, यशोदा देवी, किरण देवी समेत कई लाभुक मौजूद थे । बता दें झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी के ओर से मध्य विद्यालय झरपो मे ठंडा पेय जल हेतु आर ओ मशीन लगाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि झरपो पंचायत के हरेक आंगनबाड़ी केन्द्रो मे भी यह आर ओ लगाया जाना है. ताकि बच्चों को शुद्ध ठंडा पेय जल मिल सके।

### टेकलाल महतो स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**चरही ।** गुरुवार को बहेरा पंचायत स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तापिन साउथ 45 में पूर्व सांसद सह विधायक स्व.टेकलाल महतो के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत की गई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन विस्थापित/प्राभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो ने दीप प्रज्वलित कर बॉल को किक मारकर किया। इस फुटबॉल टूनार्मेंट में 16 टीमें शामिल हुए हैं। फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा ।विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो ने खिलाड़ियों को जीत और तरक्की की शुभकामनाएं दी ।इन्होंने कहा कि सफलता के लिए खेल के प्रति समर्पण जरूरी है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, विधायक प्रतिनिधि चौलेश्वर महतो,आरीफ अंसारी,रोशनी,चरही पंससआशा राय,मीडिया प्रभारी अमित रॉय,भाजपा नेता प्रमोद सिंह, गोपाल महतो,लतीफ अंसारी,गुलजार अंसारी,ओम प्रकाश गिरी,ललन प्रसाद,पंकज कुमार,नंद किशोर,बिरजू राम,भीम सेन टुडू,बिरसा टुडू,रवि मुंडा,अशोक तुरी,सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### बड़कागांव में दी गयी फाइलेरिया की दवा

डीईसी की गोली खिलाकर फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत बड़कागांव ।झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान की शुरूआत बड़कागांव सीएचसी परिसर में डॉ अविनाश एवं डॉक्टर त्रिशला के नेतृत्व में डीईसी की गोली खिलाकर की गई। साथ ही साथ एक-एक कृमि नाशक गोली दी गई। वही कार्यक्रम की शुरूआत उप प्रमुख वचन देव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।वही फाइलेरिया पेशेंट पूनम देवी,सोमारी देवी,चिड़िया देवी,मनी देवी को एमएमटीपी किट दिया गया जिसमें साबुन,तोलिया,जग व दवाई थी। अभियान के संबंध में डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जाएगा जिसकी शुरूआत सीएचसी पीएचसी एचएससी एवं आंगनबाड़ी केदो में बूथ स्तर पर किया गया। वही 11 अगस्त को सभी विद्यालयों में जाकर बच्चों को फलेरिया की दवा की खुराक देनी है। 12 से 25 अगस्त के बीच घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा की खुराक के साथ-साथ कृमि नाशक दवा भी खिलाना है इससे फाइलेरिया मुक्त राज्य व देश हो सके ।

### प्रशिक्षण में शामिल हुईं विधायक अंबा प्रसाद

हजारीबाग। दिल्ली में लोक सभा सेक्रेट्रीएट पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड ट्रेंनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी द्वारा लोकतंत्र की यात्रा नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें महिला विधायकों के उन्मुखीकरण एवं उत्तरदायित्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 और 10 अगस्त किया गया है ।झारखंड विधानसभा सचिवालय द्वारा इस संदर्भ में पत्र प्रेषित कर बड़कागांव विधायक अंबा प्र साद को भी लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित ओरियंटेशन प्रोग्राम विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु मनोनीत किया गया जिसके बाद विधायक अंबा दिल्ली में प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं।

### आधा दर्जन गांवों में सुगम होगी यातायात

**कटकमदाग।** ग्राम हथामेढ़ी से हरिजन शमशान घाट होते हुए ग्राम तिलैया तक मार्ग की दयनीय स्थिति को लेकर प्रमुख कुमारी बिनीता ने लगातार सरकार व प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। उनके प्रयास से डीएमएफटी मद से 2,63,30900 (दो करोड़ तिरसट लाख तीस हजार नौ सौ) का प्रकालन राशि बना कर तैयार की गई। प्रमुख ने कहा है की सड़क निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्व कर ली गई है और ग्रामीण विकास विशेस प्रमंडल हजारीबाग द्वारा निविदा जारी कर दी है तथा विभाग द्वारा अंचल अधिकारी कटकमदाग से भूमि सीमांकन हेतु पत्र के माध्यम से अनुरोध कर दी गई है । प्रमुख कुमारी बिनीता ने कहा कि बहुत ही जल्द टेंडर प्रक्रिया का निस्तारण कर सड़क निर्माण शुरू होगी । ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था । जगह जगह गढ़े हो गए थे जिससे दुर्घटना होती थी और लोग घायल हो जाते थे । प्रमुख कुमारी बिनीता ने हजारीबाग उपायुक्त के साथ साथ संबंधित सभी सांसद ,मंत्री एवं अध्यक्षों के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद का दिया है ।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार हुआ घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के करनदाग ग्राम में गुरुवार को एक अज्ञात वाहन के धक्के से एक साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन गंझु 18 वर्ष पिता बंसी गंझु ग्राम करनदाग थाना हेरहंज निवासी युवक अपने घर से हेरहंज सामान बेचने जा रहा था। जहां करनदाग ग्राम के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवक को सड़क किनारे पड़ा देख बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर अमरनाथ कुमार की देखरेख में युवक का प्राथमिक उपचार किया गया।

### दो लाल वारंटी गिरफ्तार


जानकारी देती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने चितरपुर एवं गेरेन्जा ग्राम में छापामारी अभियान चलाकर दो लाल वारंटी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि उग्रवादी केस में वर्ष 2009 से फरार उग्रवादी महेश पासवान 45 वर्ष पिता मछिंदर पासवान उर्फ मछिन्दर मांझी ग्राम चितरपुर थाना बालूमाथ एवं रामदेव उरांव ग्राम गेरजा जो चोरी व मारपीट के आरोपी था और 2008 से फरार चल रहा था उसे पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जीवन ज्योति बीमा के लाभुक को दिया गया दो लाख रुपये का चेक


चेक लेते लाभुक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा जीवन ज्योति बीमा के लाभुक को दो लाख रुपये का चेक दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया कि यशोदा देवी यादव मानसिंहा मुरपा निवासी के पति स्वर्गीय राजकिशोर यादव की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण हो गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया था। जिसके तहत दो लाख रुपये का चेक उनकी पत्नी को दिया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जीवन ज्योति बीमा बहुत अच्छी योजना है इसमें दुर्घटना या किसी गंभीर बीमारी से मृत्यु हो जाने पर परिजनों को सरकार की ओर से दो लाख रुपये दिए जाते हैं । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए जीवन ज्योति बीमा कराने की बात कही । मौके पर बैंक कर्मी सोनी कुमारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक


बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन एवं तैयारियों को लेकर बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मुखिया रोजगार सेवक, पंचायत सेवक सहित कई विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सभी विद्यालयों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में झंडोतोलन को लेकर समय सारणी का निर्धारण किया। मौके पर उप-प्रमुख कामेश्वर राम, जेई दिनेश सिंह, कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर हयात, राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्रधानाचार्य रूबी बानो, कुमारी भगवती मुखिया, पंचायत समिति पिंटू कुमार, प्रखंड बड़ा बाबू राजीव रंजन, सुमित कुमार भीएलडब्लू, अनिल कुमार अंचल निरीक्षक, सुषमा कुमारी पंचायत सचिव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### युवक ने की आत्महत्या


मृत युवक।

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के चिरु पंचायत अंतर्गत हुम्बू हाटाटोंगरी निवासी रवि कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता-राजेन्द्र राम ने अपने घर मे फांसी में लटक कर आत्महत्या कर लिया। फांसी लगाने के समय घर मे कोई भी परिवार का सदस्य नही था। मृतक के पिता राजेन्द्र राम बाहर में मजदूरी का कार्य करते हैं और घर मे मृतक के अलावा एक मां और एक छोटा भाई रहता है। जिसकी उम्र लगभग 12 वर्ष है। मृतक का अभी विवाह भी नही हुवा था। सूचना मिलने पर हेरहंज थाना पुलिस पहुंची व शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया।

# जिन रैयतों की भूमि अधिग्रहित हुई, उनके मुआवजे का भुगतान समय से हो : आयुक्त

## प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में कोयला परियोजनाओं के कार्यों को गति देने को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते आयुक्त।

**लातेहार।** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में लातेहार जिला अंतर्गत मगध, संघमित्रा, तेतरियाखांड़ कोल प्रोजेक्ट के कार्य को गति प्रदान करने को लेकर भूमि अधिग्रहण हेतु मुआवजा, नौकरी एवं पुनर्वास समेत अन्य बिंदुओं पर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि कोल परियोजना संचालित होने से जिले के विकास को गति मिलेगा। मगध, संघमित्रा एवं तेतरियाखांड़ कोल प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए अधिग्रिहित भूमि के बदले रैयतों को मुआवजा, नौकरी देने एवं उनके पुनर्वास से सम्बंधित कार्य ससमय पूर्ण करना होगा।

**गैरमजरुआ भूमि के रैयत का निर्धारण रिवीजनल सर्वे के आधार पर किया जाना है :** आयुक्त ने कहा कि अधिग्रिहीत भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु रैयती एवं गैरमजरुआ भूमि के रैयत का निर्धारण रिवीजनल सर्वे के आधार पर किया जाना है। उन्होंने बालूमाथ के अंचल अधिकारी एवं बारियातू के अंचल अधिकारी को 1 माह के अंदर रिवीजनल सर्वे के आधार पर रैयतों की विवरणी एवं उनका भूमि सम्बन्धी दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा संघमित्रा कोल प्रोजेक्ट के लिए बारियातू के अंचल अधिकारी को गैरमजरुआ जमीन का एक माह के अंदर भौतिक जांच एवं सत्यापन पूर्ण करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं सीसीएल के पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर भूमि अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों को ससमय मुआवजा, नौकरी एवं पुनर्वास का लाभ प्रदान कर उनका विश्वास हासिल करें।

**रैयतों को ससमय मुआवजा एवं नौकरी दिलाने एवं उनके पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी :** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि कोल परियोजना के लिए अधिग्रिहीत भूमि के रैयतों को ससमय मुआवजा एवं नौकरी दिलाने एवं उनके पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी। सीसीएल के सीएमडी बी. वीरा रेड्डी ने कहा सीसीएल एक पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग कंपनी है। इसका उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं, बल्कि देश और देशवासियों की आर्थिक प्रगति है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित रैयतों को नियमानुसार मुआवजा एवं नौकरी देने के लिए हम कटिबद्ध हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र एवं स्थानीय लोगों के विकास के लिए भी योगदान देने का हम प्रयास करेंगे। बैठक में आयुक्त मनोज जायसवाल, उपायुक्त हिमांशु मोहन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो, लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, बालूमाथ के अंचल अधिकारी आफताब आलम, बारियातू के अंचल अधिकारी प्रतिमा कुमारी, सीसीएल के महाप्रबंधक, सीसीएल के एडवाईजर रामकुमार सिन्हा, उदय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आइडीए एमडीए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जन सहभागिता आवश्यक : बैद्यनाथ राम

विधायक व जिप अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता


दवा का सेवन करते विधायक बैद्यनाथ राम ।

**लातेहार।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आईडीए एमडीए कार्यक्रम 2023 के तहत गुरूवार को सदर अस्पताल में विधायक बैद्यनाथ राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विधायक ने फाइलेरिया की दवा का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक लातेहार द्वारा फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लातेहार जिला को फाईलेरिया मुक्त बनाने की अपील किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि हमें अपने जिले से ही नहीं बल्कि इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है। लातेहार जिला अन्तर्गत 7,67,321 जनसंख्या को इस वर्ष फाइलेरिया रोधी दवा खिलाकर आच्छादित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। **10 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा लोगों को खिलायी जायगी फाइलेरिया रोधी दवा :** सिविल सर्जन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त 2023 तक लातेहार जिला अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायगी। कार्यक्रम के पहले दिन 10 अगस्त को स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बूथ पर लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा डी०ई०सी०, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की खुराक खिलायी जाएगी। फाईलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1093 बूथ बनाया गया है। 11 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुये व्यक्तियों को फाईलेरिया रोधी दवा की खुराक खिलायी जाएगी। फाईलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु विधायक बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते लोग।

खबर संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को फ्लेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन डॉक्टर अमरनाथ कुमार, ध्रुव कुमार, अलीशा टोप्पो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जानकारी देते हुए डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने कहा की स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलने वाले फ्लेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से 25 अगस्त तक चलेगा। वहीं बालूमाथ के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक फ्लेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। वहीं 11 अगस्त से 25 अगस्त तक घर-घर घूम कर सहिया दीदी एवं आंगनबाड़ी सेविका फलेरिया रोधी दवा खिलाने का कार्य करेंगी। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर बीमार व्यक्तियों को यह दवाएं नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फ्लेरिया एक गंभीर रोग है।

सूजन के कारण हाथीपांव हो जाता है। हाथीपांव का इलाज नहीं किया जा सकता। हाथीपांव से प्रभावित व्यक्ति उम्रभर के लिए विकलांगता का शिकार हो जाता है। वहीं आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। मौके पर राजद नेता श्यामसुंदर यादव, स्वास्थ्य कमी हीरामन पांडे, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, मोहम्मद अफरोज मिथलेश कुमार, रीता कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 25 तक चलेगा एमडीए कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**चंदवा।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को हुई। बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चिमी जीप सदस्य सरोज देवी, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रभारी सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उद्घाटन के उपरांत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चल रहे एमडीए कार्यक्रम की सफलता व जन भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारी, पदाधिकारी, डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी एवं प्रबुद्धजनों को मिलकर काम करने पर जोर दिया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे शुरूआत में ही रोकना बेहद जरूरी है, जिसको लेकर पूरे देश में एमडीए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी के डॉक्टरों ने दवा कैसे लेना है, दवा के फायदे के बारे में बताया। कहा कि फाइलेरिया की बीमारी लोगों को बड़ी तेजी के साथ विकलांगता की ओर ले जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। इसके लक्षण दिखने में लगभग 5-6 साल लग जाता है। इस रोग से बचाव के लिए फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क दी जा रही है। दवा के सेवन के बाद रोग का बेहद खतरा कम हो जाता है। डॉक्टर ने आगे बताया की दवा का सेवन उम्र नहीं बल्कि ऊंचाई के अनुपात में करना है। गर्भवती माताओं, गंभीर रोग से पीड़ित लोगो एवं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं देनी है। वहीं बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने कहा कि फाइलेरिया के मच्छर दिन में नही बल्कि रात्रि में सक्रिय होते व काटते हैं। बीडीओ ने कार्यक्रम की सफलता व जन जागरूकता को लेकर जनप्रतिनिधि से साथ देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत मे अधिकारी, पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों ने एमडीए की दवा का सेवन किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया पूर्वाभ्यास


पूर्वाभ्यास करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन एवं पूर्वाभ्यास गुरूवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया। मौके पर बतौर निर्णायक मंडली के सदस्य समग्र शिक्षा अभियान की एपीओ रोज मिंज व स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर उपस्थत थे। पूर्वाभ्यास में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने पेरोडी गीतों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि लातेहार पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने नागपुरी व पंजाबी गीतो में नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय मध्य विद्यालय आश्रम की छात्राओं ने भी नागपुरी गीत कतई सुंदर हमर झारखंड गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। बालिका उच्च विद्यालय की दृष्टि बाधित प्रतिभागी निशि रानी ने वंदे मातरम गीत कर लोगों को खूब प्रभावित किया।

इसके अलावा लातेहार डांस एकेडमी की नाब्या राजपूत ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। एनवीएस डांस एकेडमी के प्रतिभागियों ने भी पूर्वाभ्यास मे हिस्सा लिया। मौके पर कई शिक्षक व छात्र आदि उपस्थत थे।

## एक नजर में

### नावाडीह ने लात पर 4-3 से दर्ज की जीत, फाइनल मुकाबला आज


नावाडीह और लात के बीच हुआ फुटबॉल मैच।

**बरवाडीह।** चुंगरु पंचायत के हेहेगड़ा अंतर्गत साहेबटिकवा खेल मैदान में चल रहे फुटबॉल टूनामेंट के चौदहवें दिन का मुकाबला गुरुवार को लात और नावाडीह के बीच हुआ। जिसमें नावाडीह की टीम के बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और पूरे खेल के दौरान लात की टीम पर हावी रही लेकिन गोल करने में नाकामयाब रही। पूरे खेल के दौरान दोनों टीमें बराबरी पर रही। जिसके बाद प्लांटिस में नावाडीह की टीम ने चार तीन से जीत हासिल की। जिसके उपरांत क्वाटर फाइनल का दूसरा मुकाबला मुडू और गुआ के बीच खेला गया। इसके पूर्व मैच का उदघाटन स्थानीय मुखिया बलदेव परहिया ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को सच्चे मन से खेलने की बात कही। कहा कि युवा खेल में भी अपना भविष्य बना सकते है। सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कई अहम कदम उठाई है। बता दें कि नावाडीह के खिलाड़ियों में उज्वल कुमार, अशोक यादव, संदीप कुमार और मनदीप आदि ने बेहतर खेल का प्रदर्शन दिखाया। दर्शको ने इन खिलाड़ियों द्वारा किए गए खेल प्रदर्शन की खूब प्रशंसा की। मौके पर युवा समाजसेवी राजू परहिया, खरीदन राम, महेंद्र सिंह, चंद्रभूषण परहिया, श्रवण कुमार सिंह, अमीर खान और दशरथ सिंह सहित सैंकड़ों दर्शक मौजूद थे।

### जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर मचाया उत्पात, 3 घरों को किया ध्वस्त


ध्वस्त घर दिखाते पीड़ित।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत कारीमाटी ग्राम में बुधवार की देर रात्रि में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया और तीन घरों को ध्वस्त कर दिया और घर में रखा हुआ अनाज चट कर गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय का खिड़की तोड़कर उसमें रखा हुआ अनाज खा गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की बुधवार की देर रात को हाथियों का झुंड एकाएक गांव में आ घुसा और चरका यादव पिता स्व. नाननू यादव, छट्टू यादव पिता स्व. खैटू यादव और राजू उरांव पिता स्व. भूखल उराँव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं कई ग्रामीणों के खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने किसी तरह टॉर्च और मसाल जलाकर हाथियो के झुंड को खदेड़ा। वहीं घटना की सूचना पाकर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने राजद कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवारो के घर जाकर घटना की जानकारी ली।

### वर्ग 6 से 8 तक के किशोर-किशोरियों को किया गया जागरूक

**बारियातू।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा में गुरूवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत वर्ग 6 से वर्ग 8 तक के किशोर किशोरियों को शारीरिक विकास व किशोरियों में माहवारी को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान छात्र-छात्राओं को बताया कि जो भी समस्याएं हो वह शिकायत पेटी में लिखित डाल सकते हैं। अपनी सुझाव भी दे सकते हैं, समाज में आज व्याप्त कुरुतियां दहेज प्रथा बाल-विवाह, सड़क सुरक्षा, मानव तस्करी, साइबर सुरक्षा से बचाव के संबंध मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# सदर अस्पताल में एक बार फिर दिखी चिकित्सक की लापरवाही, मरीज परेशान

## सदर अस्पताल प्रबंधक से चूक हुई है : डॉ अशोक कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



सदर अस्पताल लातेहार।

**लातेहार।** सदर अस्पताल में एक बार फिर चिकित्सक की लापरवाही का मामला सामने आया है। जिस कारण घंटो मरीज के परिजन को परेशान होना पड़ा और अंत मे अस्पताल मे आखिरकार ईलाज भी नही हुआ। यह बाते एक दैनिक अखबार के पत्रकार संजय प्रजापति ने कहा है। उन्होंने इसके लिए सदर अस्पताल प्रबंधक और चिकित्सक पर मरीज का इलाज नही करने का आरोप लगाया है। पत्रकार संजय प्रजापति ने बताया की मैं अपनी बेटी का ईलाज के लिए 5:00 बजे सुबह सदर अस्पताल पहुंचा। रात इमरजेंसी मे मौजूद डाक्टर श्रवण सोये हुये थे। दरवाजा खटखटाने पर बड़ी मस्कत से एक घंटे बाद डॉक्टर उठे। फिर डॉक्टर ने मरीज के परिजन से पर्ची मांगा। पर्ची कटवाने मरीज के परिजन पर्ची काउंटर पहुंचे जहां पर्ची काउंटर बंद था। दोबारा मरीज के परिजन डॉ. के पास पहुंचा पर डाक्टर बगैर पर्ची के इलाज करने से मना कर दिया। जबकि उस वक्त इमरजेंसी में श्रवण महतो ही ड्यूटी पर थे। लेकिन उन्होंने मरीज देखने से साफ इनकार कर गुस्साते हुए बोला कि नींद खराब करने आ जाते है। काफी समय बीत जाने के बाद पत्रकार संजय प्रजापति की 5 वर्षीय बेटी की हालत और भी बिगड़ चुकी थी। संजय ने बताया की सदर अस्पताल मे पत्रकार के साथ जब इस तरह हो रहा है। तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ क्या होता होगा यह समझा जा सकता है। इस तरह के घटना के बाद प्राइवेट डाक्टर पुर्व सिविल सर्जन डॉ. एसपी शर्मा से ईलाज कराया गया। मात्र एक इंजेक्शन लगते ही उक्त बच्ची की स्थित में तत्काल सुधार हुआ। यहां बताते चले की डॉ. शर्मा पूर्व से ही पत्रकारों के लिए हमेशा तत्पर रहे है। इधर सिविल सर्जन अशोक कुमार से इस संबंध मे पूछा गया तो उन्होंने इसकी जांच करवाने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट स्वीकार किया है की कहीं न कहीं अस्पताल प्रबंधक से चूक हुई है। उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृति नही होने की बात कही है।

### कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक संपन्न

**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन एवं खेल कूद कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ नीत निखिल सुरीन और एसडीपीओ राजेश कुजूर ने संयुक्त रुप से की। बैठक में एसडीओ श्री सुरीन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। साथ ही इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं बैठक जानकारी देते हुए बताया गया कि इस वर्ष स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह भी खेल कूद कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। बैठक में एसडीओ सुरीन ने खेल मैदान की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए कमिटी को जिम्मेदारी सौंपी।

